महाराणा प्रताप महाविद्यालय
28-5-25
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 305

# B.A. VI$^{th}$ SEMESTER EXAMINATION, 2024-25

# HINDI

## Bhasha Vigyan, Hindi Bhasha tatha Devnagari Lipi (Pratham)

## (CBCS Mode)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**5409**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) : | | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ______________________________

Roll No. (In Words) : ______________________________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट : पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. 'भाषा' शब्द संस्कृत के किस धातु से बना है ।

(A) अस् धातु

(B) भाष् धातु

(C) गम् धातु

(D) जस् धातु

2. खडी बोली हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है।

(A) मागधी अपभ्रंश

(B) अर्द्धमागधी अपभ्रंश

(C) शौरसेनी अपभ्रंश

(D) पैशाची अपभ्रंश

3. मनोविज्ञान सामान्यतः भाषा के किस रूप का अध्ययन करता है –

(A) भाषा के वैज्ञानिक पक्ष का

(B) भाषा के मानसिक पक्ष का

(C) भाषा के आर्थिक पक्ष का

(D) भाषा के सामाजिक पक्ष का

4. मुनित्रय में नहीं आते हैं –

(A) कात्यायन

(B) पाणिनि

(C) पतंजलि

(D) कालिदास

5. माहेश्वर सूत्र में कितने सूत्र आते हैं –

(A) 14

(B) 15

(C) 13

(D) 12

6. पाणिनि की भाषा सम्बन्धी रचना का नाम है –

(A) लघु सिद्धान्त कौमुदी

(B) आष्टाध्यायी

(C) महाभाष्य

(D) वार्तिक

7. हिन्दी भाषा मे कारकों की संख्या है –

(A) 08

(B) 05

(C) 09

(D) 07

8. पूर्वी हिन्दी की बोलियाँ हैं –

(A) खड़ी बोली, ब्रजी

(B) अवधी, बघेली

(C) मेवाती, मेवाड़ी

(D) पहाड़ी, कुमायूँनी

9. 1935 में नागरी लिपि सुधार के लिए गठित समिति के अध्यक्ष थे –

(A) काका कालेकर

(B) महात्मा गाँधी

(C) श्यामसुन्दर दास

(D) रामचन्द्र शुक्ल

10. निम्नलिखित में से सबसे प्राचीन लिपि है –

(A) ब्राह्मी

(B) खरोष्ठी

(C) शारदा

(D) देवनागरी

11. संरचनात्मक भाषा विज्ञान के जनक का नाम है –

(A) सस्यूर

(B) शेली

(C) पाणिनि

(D) पतंजलि

12. भाषा विज्ञान की संरचनात्मक / वर्णनात्मक पद्धति है –

(A) एककालिक

(B) बहुकालिक

(C) ऐतिहासिक

(D) तुलनात्मक

13. हिन्दी की विभाषाओं में नहीं आती है –

(A) हिन्दवी

(B) दक्खिनी हिन्दी

(C) मारवाड़ी

(D) हिन्दुस्तानी

14. मूर्धन्य ध्वनि है –

(A) ठ

(B) च

(C) ज

(D) प

15. देवनागरी लिपि का विकास ब्राह्मी लिपि की किस शैली से हुआ है –

(A) पश्चिमी शैली

(B) उत्तरी शैली

(C) दक्षिणी शैली

(D) पूर्वी शैली

16. तत्सम शब्दावली है –

(A) जो सीधे संस्कृत से हिन्दी में प्रयुक्त होते हों

(B) जो अपभ्रंश के जैसे हों

(C) जो पालि भाषा से मिलते जुलते हों

(D) जो थोड़ा बहुत परिवर्तन करके आते हों

17. बिहारी हिन्दी की प्रमुख बोलियाँ हैं –

(A) भोजपुरी, मगही, मैथिली

(B) अवधी, ब्रजी, खड़ी बोली

(C) खड़ी बोली, मेवाती, कुमायूँनी

(D) गढ़वाली, कुमायूँनी, पंजाबी

18. आधुनिक भारतीय आर्य भाषा है –

(A) तमिल

(B) तेलुगु

(C) पंजाबी

(D) कन्नड़

19. 'कौरवी' किस बोली को कहते हैं।

(A) ब्रजभाषा

(B) खड़ी बोली

(C) अवधी

(D) बघेली

20. 'ब्रजभाषा' किस उपभाषा वर्ग की बोली है।

(A) पूर्वी हिन्दी

(B) पहाड़ी हिन्दी

(C) बिहारी हिन्दी

(D) पश्चिमी हिन्दी

21. देवनागरी लिपि है ।

(A) ध्वन्यात्मक

(B) वर्णनात्मक

(C) चित्रात्मक

(D) कुटिल

22. गोरखपुर में किस बोली का प्रभाव अधिक है।

(A) अवधी

(B) ब्रज

(C) भोजपुरी

(D) मैथिली

23. देवनागरी लिपि का गुण नहीं है।

(A) उच्चारण और लेखन में एकरूपता

(B) शब्दों में प्रत्येक ध्वनि का लेखन (ध्वन्यात्मकता)

(C) प्रत्येक वर्ण का निश्चित उच्चारण

(D) अनुच्चरित ध्वनियों का अभाव

24. किस रचनाकार ने परवर्ती अपभ्रंश से पुरानी हिन्दी का उदय माना है।

(A) डॉ० नामवर सिंह

(B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

25. 'अवहट्ट' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किस ग्रंथ में मिलता है

(A) वर्णरत्नाकर

(B) संदेशरासक

(C) प्राकृत जैंगलम

(D) कीतिलता

26. कौन सा शब्द 'देशज' नहीं है।

(A) ढिबरी

(B) पगड़ी

(C) ढोर

(D) पुठकर

27. इनमें कौन सा शब्द तद्भव है।

(A) मधुप

(B) मधुकर

(C) भँवरा

(D) भ्रमर

28. 'नारियल' शब्द का तत्सम रूप है।

(A) नारिकेल

(B) नारिकेला

(C) नारीकेल

(D) इनमें से कोई नहीं

29. असंगत शब्द युग्म है –

| | शब्द | मूल स्रोत |
|---|---|---|
| (A) | अफसोस | फारसी |
| (B) | गमला | पुर्तगाली |
| (C) | कैंची | तुर्की |
| (D) | कारतूस | अंग्रेजी |

30. जिन शब्दों की व्युत्पति का पता नहीं चलता, उन्हें कहा जाता है।

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) विदेशी

31. प्रयत्न के आधार पर 'ल' किस प्रकार की ध्वनि है।

(A) पार्श्विक

(B) उत्क्षिप्त

(C) संघर्षी

(D) स्पर्शी

32. 'रिक्शा' शब्द है।

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) विदेशी

33. प्रत्येक वर्ग के प्रथम, तृतीय, पंचम वर्ण की ध्वनियों को कहा जाता है।

(A) महाप्राण

(B) अल्पप्राण

(C) नाद

(D) इनमें से कोई नहीं

34. 'अर्थादेश' का अर्थ है।

(A) संकुचन

(B) विस्तार

(C) परिवर्तन

(D) इनमें से कोई नहीं

35. निम्नलिखित में अर्थबोध का साधन नहीं है –

(A) व्याकरण

(B) कोश

(C) आदेश

(D) व्यवहार

36. 'प्रवीण' शब्द उदाहरण है।

(A) अर्थ विस्तार का

(B) अर्थ संकोच का

(C) अर्थादेश

(D) इनमें से कोई नहीं

37. अर्थ परिवर्तन की दिशाएँ हैं –

(A) अर्थादेश

(B) अर्थविस्तार

(C) अर्थसंकोच

(D) उपर्युक्त सभी

38. भाषा की विशेषता नहीं है।

(A) भाषा सामाजिक वस्तु है

(B) भाषा अर्जित वस्तु है

(C) भाषा सहज एवं नैसर्गिक क्रिया है

(D) भाषा परिवर्तन शील नहीं है

39. "जिन ध्वनि–चिह्नों द्वारा मनुष्य परस्पर विचार विनिमय करता है, उसे भाषा कहते है" उक्त परिभाषा है।

(A) बाबूराम सक्सेना

(B) हेनरी स्वीट

(C) प्लेटो

(D) चाम्स्की

40. 'चाय' शब्द है –

(A) जापानी

(B) चीनी

(C) रूसी

(D) अंग्रेजी

41. हिन्दी की विभाषा नहीं है।

(A) दक्खिनी हिन्दी

(B) हिन्दवी

(C) उर्दू

(D) पश्चिमी हिन्दी

42. 'तेल' शब्द उदाहरण है

(A) अर्थादेश का

(B) अर्थसंकोच का

(C) अर्थविस्तार का

(D) इनमें से कोई नहीं

43. पश्चिमी हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है।

(A) शौरसेनी अपभ्रंश

(B) अर्द्धमागधी अपभ्रंश

(C) मागधी अपभ्रंश

(D) खस् अपभ्रंश

44. निम्नलिखित में से अल्पप्राण सघोष ध्वनि है।

(A) ग

(B) द

(C) ध

(D) प

45. निम्नलिखित में सत्य कथन नहीं है।

(A) भाषा विचार विनिमय का माध्यम है

(B) सस्यूर ने भाषा के चार पक्ष माने हैं

(C) सस्यूर ने भाषा के तीन पक्ष माने हैं

(D) भाषा अर्जित सम्पति है

46. 'ह' ध्वनि है –

(A) कण्ठ्य

(B) तालव्य

(C) काकल्य

(D) ओष्ठ्य

47. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है –

(A) आग

(B) आम

(C) अग्नि

(D) घर

48. निम्नलिखित में अर्धस्वर हैं –

(A) य, व

(B) क, ख

(C) च, छ

(D) त, प

49. हिन्दी भाषा के उद्भव और विकास का सही क्रम है –

(A) संस्कृत पालि, प्राकृत अपभ्रंश, शौरसेनी, पश्चिमी हिन्दी, खड़ी बोली

(B) संस्कृत, प्राकृत, पालि शौरसेनी, अपभ्रंश, पश्चिमी हिन्दी, खड़ी बोली

(C) पालि, संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, शौरसेनी, पश्चिमी हिन्दी, खड़ी बोली

(D) संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, पश्चिमी हिन्दी, शौरसेनी, खड़ी बोली

50. भाषा की लघुत्तम इकाई है।

(A) ध्वनि

(B) शब्द

(C) अर्थ

(D) वाक्त

*****